HAMIRPUR POLICE

कोतवाली सदर | दिनांक 01.08.2022

कोतवाली सदर क्षेत्र अंतर्गत दो अभियुक्त चोरी की 07 मोबाईल एवं 01 मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 31.07.2022 को कोतवाली सदर हमीरपुर पुलिस टीम द्वारा रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना मिली कि दो व्यक्ति चोरी के मोबाइल बेचने के लिये वन विभाग कार्यालय हमीरपुर के पास मो0सा0 पर खडे हैं। उपरोक्त सूचना के आधार पर कोतवाली सदर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर दबिश देकर 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त 1)दीपक उर्फ छोटू उर्फ शीलू पुत्र कंधी केवट निवासी बचरौली थाना कुरारा जनपद हमीरपुर के कब्जे से थाना कोतवाली में पंजीकृत मु0अ0सं0-224/22 धारा-392 आईपीसी से सम्बन्धित मोबाइल रेडमी 10 व चोरी के 04 अन्य मोबाइल बरामद हुए, एवं 2)सुनील पुत्र प्रकाश निषाद निवासी उपरोक्त के कब्जे से 02 एन्ड्राइड मोबाइल चोरी के व चोरी की मो0साईकिल होन्डा बरामद हुई। अभियुक्तों से बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0-229/22, धारा-41/411/413/414 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत किया गया।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त दीपक उर्फ छोटू उर्फ शीलू पुत्र कंधी केवट

1) मु0अ0सं0-292/21, धारा-392 आईपीसी, थाना नॉलेज पार्क जनपद गौतमबुद्ध नगर
2) मु0अ0सं0-758/18, धारा-4/25 आर्म्स एक्ट, थाना बीटा 2, जनपद गौतमबुद्ध नगर
3) मु0अ0सं0-957/21, धारा-414 आईपीसी, थाना बीटा 2, जनपद गौतमबुद्ध नगर

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1) व0उ0नि0 नन्दकिशोर यादव	3) का0 चन्द्रवीर
2) उ0नि0 नीरज कुमार	4) का0 आदित्य गुप्ता